वीर शहीद केशरी चन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर विकासनगर, देहरादून

(NAAC-B++)

महाविद्यालय : एक परिचय

पतितपावनी यमुना नदी के तट पर अवस्थित ऊर्जानगरी डाकपत्थर में सम्पूर्ण पछवादून व जौनसार भावर जनजातीय क्षेत्र की उच्च शिक्षा की पूर्ति हेतु इस महाविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अक्टूबर 1993 में की गई। सन् 1994–95 से वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी.काम. प्रथम वर्ष की कक्षा में 54 छात्र/छात्राओं व एक प्राध्यापक से इस संस्था का शुभारम्भ हुआ। सन 2001–02 में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकायान्तर्गत भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, व गणित विषयों तथा कला संकायान्तर्गत हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र की कक्षाएं प्रारम्भ की गई। वर्ष 2005 से एम.कॉम. की कक्षाएं प्रारम्भ हुई।

महाविद्यालय का अपना भवन न होने के कारण आरम्भ में यह महाविद्यालय डाकपत्थर बस्ती एवं संचार खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये भवन में संचालित किया गया। अब उस भवन में सिर्फ व्यावसायिक पाठयक्रमों का ही संचालन हो रहा है। महाविद्यालय का स्थायी भवन लोअर लखवाड़ डाकपत्थर स्थित अपनी 16 एकड़ भूमि पर वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ है और सत्र 2008–09 से इसमें तीनों संकायों–वाणिज्य, विज्ञान व कला का संचालन हो रहा है।

महाविद्यालय अपने सीमित संसाधनों के बावजूद सम्पूर्ण पछवादून क्षेत्र की उच्च शिक्षा की आवश्यकता की पूर्ति हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है। इसके अन्तर्गत सत्र 2006–07 से दो व्यवसायिक पाठयक्रमों क्रमशः पी.जी. डिप्लोमा इन एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन्स तथा पी.जी. डिप्लोमा इन योगिक साइंस का संचालन हो रहा है। सत्र 2008–09 से कला संकाय में अध्ययन हेतु अर्थशास्त्र व गृह विज्ञान विषय भी उपलब्ध है एवं इसी सत्र से ही तीन और व्यावसायिक पाठयक्रमों, पी.जी. डिप्लोमा इन मॉस कम्यूनिकेशन, बी.बी.ए. तथा बी.एड. का भी संचालन हो रहा है।

महाविद्यालय में प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देशः

1. महाविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश योग्यता सूची के आधार पर होंगे। प्रवेश प्रक्रिया दो चरणों में सम्पन्न होगी।

प्रथम चरण – नये प्रवेशार्थी को प्रवेश योग्यता (मेरिट फार्म) आवेदन पत्र निम्नलिखित संलग्नकों के साथनिर्धारित तिथि तक ऑन लाइनमहाविद्यालय की वेबसाइट (www.gdcdakpathar.com) पर जमा करने होंगे–

क. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
ख. हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
ग. टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति प्रवेश के समय जमा करना आवश्यक है।
घ. अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र।

ड. उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र की छाया
प्रति।
च. खेलकूद का प्रमाण पत्रः राज्य स्तर/राष्ट्र्य स्तर
छ. एन0सी0सी0 'बी' प्रमाण पत्र/'सी' प्रमाणपत्र/गणतंत्र दिवस परेड प्रमाणपत्र

ज. एन.एस.एस. 'बी' प्रमाण/दो विशेष शिविर प्रमाण पत्र/ 'सी' प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतंत्र दिवस परेड प्रमाणपत्र
झ. स्काउट–पद सोपान–1 धारक/पद सोपान–3 धारक/निपुण धारक/राज्य पुरस्कार/राष्ट्रीय पुरस्कार

द्वितीय चरण :–योग्यता (मेरिट फार्म) आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि के पश्चात् संकाय/कक्षावारउपलब्ध सीटों के अनुसार योग्यता सूची घोषित कर महाविद्यालय सूचना पट्ट (महाविद्यालय की वेबसाइट www.gdcdakpathar.com) पर चस्पा कर दी जायेगी। योग्यता सूचीमें आये अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होकर या वाहक के द्वारा प्रिटिड फार्म की प्रति के साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय प्रवेश समिति के समक्ष जमा करा देवें। टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति प्रवेश के समय जमा करनी होगी। प्रवेश हेतु तीन दिनों के अन्दर प्रवेशार्थी को शुल्क अनिवार्य रूप से महाविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑन लाइन जमा करना होगा। यदि तीन दिन तक प्रवेशार्थी शुल्क जमा नहीं करता है, तो उसका प्रवेश निरस्त कर प्रतीक्षा सूची के छात्र को अवसर दिया जायेगा।

2. **सन् 2020–21 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड के नियमों के अनुसार होंगे जो निम्नवत है :**

	अध्ययन के विषय		
	स्नातक स्तर		
उपाधि	पाठ्य विषय	अवधि	उपलब्ध सीटें
बी.ए.	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास राजनीति शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान	3 वर्ष	160 प्रति विषय
बी.एस.सी.			
गणित संवर्गः	भौतिकी, गणित,रसायन	3 वर्ष	60 प्रति विषय
प्राणी विज्ञान संवर्गः	वनस्पति, जन्तु, रसायन		60 प्रति विषय
बी.कॉम.	विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार	3 वर्ष	120

बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए चयन सम्बन्धी निर्देश ;श्री देव सुमन उत्तराखण्ड वि.वि. से सम्बद्ध :–

क. बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में छात्र उपरोक्त विषयों में से किन्हीं तीन विषयों का चयन कर सकता है।
ख. किन्तु छात्र हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी में से कोई दो विषय ही चुन सकता है।

बी.कॉम. तथा एम कॉम प्रवेश हेतु नियम

1. बी.कॉम प्रथम वर्ष सेमेस्टर में प्रवेश उन्हीं अभ्यार्थियों को दिया जायेगा जिन्होंने
2. इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा वाणिज्य के साथ उत्तीर्ण की हो।

(ii) इन्टरमीडिएट परीक्षा अन्य विषयों के साथ उत्तीर्ण की हो किन्तु इन्हें क्वालीफाइंग परीक्षा अलग से उत्तीर्ण करनी होगी।

2. एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश उन्हीं अभ्यर्थियों को दिया जायेगा जो निम्नलिखित शर्ते पूरी करते हों,

(i) बी.कॉम. अथवा समकक्ष परीक्षा वाणिज्य के साथ उतीर्ण की हो।

(ii) बी.ए./बी.एस.सी. परीक्षा अर्थशास्त्र अथवा गणित के साथ उत्तीर्ण की हो, इन्हें क्वालिफाईंग परीक्षा अलग से उत्तीर्ण करनी होगी।

अनिवार्य विषय पर्यावरण विषय का अध्ययन कला संकाय के छात्रों को बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा बी.कॉम/बी.एस.सी. के छात्रों को द्वितीय वर्ष में अनिवार्य रूप से करना होगा।

स्नातक/स्नातकोत्तर के अन्य सेमेस्टर में प्रवेश एवं अध्ययन सत्र 2020–21 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के नियमानुसार पूर्ववत निम्न प्रकार रहेगें।

स्नातकोत्तर स्तर

उपाधि	विषय	अवधि	उपलब्ध सीट
एम.एस.सी.	भौतिकी	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	17
	रसायन	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	17
	गणित	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	40
एम.ए.	राजनीति विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी, हिन्दी	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	30
एम.कॉम.	प्रश्नपत्रों का चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठयक्रम के अनुसार	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	33

स्ववित्तपोषित	पाठयक्रम			
उपाधि			अवधि	उपलब्ध सीटें
बी.एड.			2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	50
बी.बी.ए.			3 वर्ष (6 सेमेस्टर)	40
पी.जी.डी. यौगिक सांइस			1 वर्ष (4 सेमेस्टर)	30
पी.जी.डी. मॉस कम्यूनिकेशन			1 वर्ष (4 सेमेस्टर)	30
एम.ए. योग			2 वर्ष,(4 सेमेस्टर)	25

नोट : स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम में पूरी फीस जमा करने पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देश
(Important Insturction for Admission)

1. विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में आवेदन के इच्छुक आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपनी रुचि के विषय चुनने और आवेदन पत्र भरने से पूर्व सभी प्रवेश नियमों की ध्यान पूर्वक पढ़ लें।

2. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.)/माइग्रेशन सार्टिफिकेट तथा चरित्र प्रमाणपत्र की मूल रूप से लगानी आवश्यक है।

3. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को स्वयं मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रवेश आवेदन पत्र के साथ अंकतालिकाओं तथा खेल एवम् अन्य प्रमाणपत्रों की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियां लगाई जानी आवश्यक है।

4. प्रवेश आवेदनपत्र पर अभ्यर्थी का नवीनतम एवं हस्तांतरित पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (रंगीन) उक्त स्थान पर चिपकाना आवश्यक है।

5. प्रवेश मिलने के पश्चात विषय परिवर्तन नहीं किया जायेगा। सीटों की उपलब्धता होने पर ही प्रवेश समिति द्वारा मेरिट आधार पर प्रवेश तिथि की समाप्ति के 10 दिनों के अन्तर्गत विषय परिवर्तन किया जा सकता है।

6. प्रत्याशी निर्धारित तिथि तक प्रवेश आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर दें। उसके पश्चात किसी प्रवेश आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र को वार्षिक शुल्क, परीक्षा शुल्क सहित जमा करना होगा तथा निर्धारित अवधि में परीक्षा फार्म भरकर प्राचार्य/निदेशक कार्यालय में जमा करना होगा। ग. वि.वि. से सम्बद्ध छात्रों को परीक्षा शुल्क सीधे वि.वि. को परीक्षा फार्म भरते समय ऑनलाइन जमा करना होगा।

8. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थाओं को बिना कारण बतायें किसी भी आवेदक को प्रवेश देने से मना कर सकता है या उसका प्रवेश बिना कारण बताये निरस्त कर सकता है।

9. प्रत्येक छात्र को प्रवेश के लिए अन्तिम अधिसूचित तिथि से पूर्व तक एकमुश्त वार्षिक शुल्क जमा कराना होगा। ऐसा न होने पर विद्यार्थी का प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा किन्तु कश्मीर से पुनर्स्थापितों के लिए अंतिम तिथि में एक माह की छूट का प्रावधान है।

10. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग इत्यादि आरक्षित श्रेणी से आच्छादित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र पर उपजिलाधिकारी/जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

11. युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों (पुत्र/पुत्री/पत्नी भाई/बहिन को)यदि वे अर्ह हो तो स्नातकोत्तर स्तर पर प्रति विषय एक सीट तथा स्नातक स्तर पर सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

12. निर्धारित सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों पर ही प्रवेश समिति द्वारा विचार किया जायेगा।

13. अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रवेश नियम सत्र 2018–19
(Admission Rules)

निम्न नियम सभी कक्षाओं पर लागू होंगे –

1. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए महाविद्यालय/प्रवेश समितियों का गठन करेंगें, जो अलग–अलग संकायों में प्रवेश सम्बन्धी कार्यों का दायित्व पूर्ण करेंगे। तत्–तत् संकायों में प्रवेश के लिए उक्त समिति और प्राचार्य/संकायाध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।
2. समितियों की विधिवत् गठन की सूचना प्राचार्य/संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय को भी प्रेषित करेंगे।
3. विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए अर्हता परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक तथा कला एवम् वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए अर्हता परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्हता में 5 प्रतिशत अंकों की छूट देय होगी।
4. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थियों को आरक्षण की सुविधा उत्तरांचल शासनादेश संख्या– 1144/क्रामिक–2–2001–53(1) 2001 द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार अनुमन्य होगी जो कि निम्नवत् है।
5. अनुसुचित जाति–19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति–04 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग–14 प्रतिशत, इसके अतिरिक्त उपरोक्त श्रेणियों एवं सामान्य श्रेणी के प्रवेशार्थियों में निम्न प्रकार से हारिजेन्टल आरक्षण देय होगा, महिला–30 प्रतिशत, भूतपूर्व सैनिक–05 प्रतिशत, दिव्यांग–04 प्रतिशत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित–02 प्रतिशत। आरक्षण केवल उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों के लिए ही होगा।
6. उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक कक्षा में 90 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगें। प्रदेश से बाहर के अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 प्रतिशत स्थानों पर ही प्रवेश मिल सकेगा, बशर्ते वे वरीयता सूचकांक में अर्ह हो। उत्तराखण्ड से बाहर की सीट रिक्त रहने की स्थिति में उत्तराखण्ड के अभ्यर्थियों को नियमानुसार वरियता सूची के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।
7. दिव्यांग अभ्यर्थियों को सम्बन्धित जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी जिस श्रेणी में आता है, उसी श्रेणी में 04 प्रतिशत का आरक्षण देय होगा। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश हेतु संकाय में स्नातकोत्तर स्तर की सम्पूर्ण सीटों की संख्या के

आधार पर विकलांग श्रेणी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या की गिनती की जायेगी, तदुपरान्त प्राचार्य/संकायाध्यक्ष यह निर्णय लेगें कि आरक्षित सीटों पर प्रवेशार्थी उपलब्ध न होने पर सीटों की सामान्य श्रेणी से भरा जा सकेगा।

8. प्रवेश की अन्तिम तिथि पर यदि 10+2 अनुपूरक या कम्पार्टमेंट का परिणाम घोषित होता है तो ऐसे अभ्यर्थियों को भी प्रवेश दिया जा सकता है, बशर्ते कि उन्होंने निर्धारित तिथि तक प्रवेश आवेदन पत्र जमा कर दिये हों।
9. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से (10+2) इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्ह है। दसवीं के बाद दो वर्ष का अन्तराल तथा पांच विषय हों।
10. स्नातक/स्नातकोत्तर पर विभिन्न कथाओं विषयों में निर्धारित सीटों पर ही प्रवेश हो। सीटों का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
11. संस्थापक परीक्षाओं पूर्व संस्था के प्राचार्य का तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थी किसी राजपत्रित अधिकारी, लोकसभा/विधानसभा के सदस्य अथवा किसी महाविद्यालय के प्राचार्य/नियन्ता द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें।
12. माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय तथा भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में स्नातक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य विषय के रूप में प्रारम्भ किया जा चुका है। पर्यावरण विषय का अध्ययन कला संकाय के छात्रों को बी.ए. प्रथम सेमिस्टर तथा बी. कॉम/बी.एस.सी के छात्रों को द्वितीय सैमेस्टर में अनिवार्य रूप से करना होगा।
13. प्रवेश आवेदन पर स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (TC) तथा चरित्र प्रमाण पत्र (CC) मूल रूप में संलग्न करना आवश्यक है। किसी अन्य विश्वविद्यालय के छात्र को एक माह के अन्दर प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) जमा करना आवश्यक है, अन्यथा अस्थाई प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
14. प्रवेश के समय अभ्यर्थी को प्रवेश समिति/प्राचार्य के समक्ष मूल प्रमाण पत्रों सहित स्वयं उपस्थित होना होगा, ताकि उसके छाया चित्र एवं प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जा सके।
15. बी.एड. में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर मैरिट अंकों के अनुसार उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश की अधिसूचना के अनुसार दिया जायेगा।
16. अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र/छात्राओं को उसी कक्षा एवम् संकाय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। इस विश्वविद्यालय से अनुत्तीर्ण छात्र अथवा ड्राप–आउट छात्र भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। ड्राप–आउट से तात्पर्य है कि छात्र द्वारा विधिवत प्रवेश लेने के पश्चात पूरे सत्र अध्ययन किया हो परीक्षा आवेदन–पत्र भरा हो, और किसी कारणवश परीक्षा में सम्मलित न हुआ हो।
17. स्नातक प्रथम वर्षके छात्रों को अनुत्तीर्ण होने अथवा चिकित्सा के आधार पर या अन्य वैध कारण पर केवल एक बार संकाय बदल कर प्रवेश दिया जा सकता है प्रवेश लेने से पूर्व प्रत्येक छात्र को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र/प्रवजन प्रमाण पत्र एवम् चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
18. छात्र/छात्राओं को स्नातक स्तर पर छः (6) वर्ष तथा स्नातकोत्तर स्तर पर (4)वर्ष तक ही संस्थागत विद्यार्थी के रूप में अध्ययन करने की सुविधा रहेगी जिसमें एक वर्ष का गैप भी सम्मिलित रहेगा। यह नियम व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होगा *अर्थात व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के छात्र उक्त अवधि के पश्चा*त भी अध्ययनरत रह सकते है। केवल वे ही छात्र भूतपूर्व
19. छात्र का लाभ ले सकेगें जिन्होंने पूरे समय अध्ययन किया हो अथवा विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र/अनुक्रमांक दिया गया हो और वह चिकित्सा के आधार पर आवेदन करता है।
20. जिन छात्रों की गतिविधियों नियन्ता मंडल/प्रशासन की राय में अवांछनीय है उन्हें प्रवेश लेने से रोका जा सकता है, अथवा निकाला जा सकता है या उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। न्यायालय द्वारा दण्डित अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
21. संकाय अथवा विषय बदलकर उसी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसकी परीक्षा छात्र एक बार उत्तीर्ण कर चुका हो अर्थात एक संकाय की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात उसी कक्षा/ दूसरे संकाय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। उदाहरणार्थ– यदि किसी छात्र ने एम.ए.

अर्थशास्त्र उत्तीर्ण कर लिया हो तो उसे कला संकाय के किसी अन्य विषय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा, और न ही वह किसी संकाय की समकक्ष कक्षा में प्रवेश ले सकता है।

22. नियमानुसार अनुचित साधन के अन्तर्गत दण्डित छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
23. प्रवेश के अन्तिम तिथि के बाद अविचारित आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।
24. प्रवेश प्राप्त छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के पश्चात यदि कोई प्रवेश दिया जाता है। तो वह अवैध होगा। 15 दिन के भीतर सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित की जानी होगी।
25. छात्र/छात्रा के शुल्क रसीद एवं परिचय पत्र में भी आबंटित विषय का उल्लेख किया जायेगा। 22. जिन प्रवेशार्थियों को प्रवेश समिति/संकायकाध्यक्ष/प्राचार्य प्रवेश प्रदान करेंगे उनकी सूचना समय–समय पर सम्बन्धित विषयों के विभागाध्यक्षों को दी जायेगी। इन्हीं सूचियों के अधार पर विभिन्न विभागों की छात्र उपस्थिति पंजिका में छात्र/छात्राओं के नाम पंजीकृत किये जायेगें। 23. संस्थागत छात्र एक ही सत्र में अन्य किसी शिक्षा संस्थान में प्रवेश नहीं लेगा, और न ही अन्य उपाधि हेतु परीक्षा में सम्मलित होगा। यदि कोई छात्र/छात्रा इस नियम का उल्लंघन कर परीक्षा में सम्मलित होता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।
26. यदि किसी छात्र ने बी.कॉम/बी.ए. प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा व्यक्तिगत रूप से उत्तीर्ण की है और द्वितीय/तृतीय वर्ष में संस्थागत रूप से प्रवेश लेना चाहता है तो उसके लिए बी.कॉम/बी.ए.प्रथम/द्वितीय वर्ष में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। इसी प्रकार एम.कॉम/एम.ए. के लिए भी व्यक्तिगत प्रथम वर्ष में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।
27. छात्र/छात्राओं द्वारा जमा की गई प्रतिभूति धनराशि उसके उत्तीर्ण होने के एक वर्ष तक ही सुरक्षित रखी जायेगी, तदुपरान्त वह निरस्त समझी जायेगी।
28. उत्तराखण्ड प्रदेश के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य प्रदेश के अभ्यर्थियों को प्रवेश के पूर्व अपना पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
29. कश्मीरी विस्थापित अभ्यर्थियों को प्रवेश तिथि में तीन दिनों के छूट के साथ–साथ न्यूनतम निर्धारित अंकों के प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत की छूट देय होगी।
30. रैगिंग एक गैर कानूनी गतिविधि घोषित की गई है। रैगिंग में लिप्त विद्यार्थी को निष्कासित कर दिया जायेगा ओर कानून के दायरे में आ जाएगा। **<u>प्रवेश लेते समय प्रत्येक विद्यार्थी यू. जी.सी. की वेबसाइट पर एंटी रैंगिंग सम्बन्धी पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा, जिसकी एक प्रति प्रवेश आवेदन पत्र के साथ महाविद्यालय में भी जमा करनी होगी</u>।**
31. अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात दो वर्ष तक का अन्तराल हो और वह प्रवेश की सभी शर्तों का अनुपालन करता है तो विश्वविद्यालय ऐसे प्रवेशार्थी को प्रवेश दे सकता है, परन्तु इस समय अन्तराल का शपथ–पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र जमा करना होगा जिससे सक्षम अधिकारी संतुष्ट हो।
32. प्रवेश की अन्तिम तिथि तक यदि 10+2 अनुपूरक या कम्पार्टमेंट का परिणाम घोषित होता है तो ऐसे अभ्यर्थीं को भी प्रवेश दिया जा सकता है। बशर्ते कि इन्होंने निर्धारित तिथि तक प्रवेश आवेदन पत्र जमा कर दिये हो।
33. राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से (10़2) इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्ह हैं। बशर्ते कि 10वीं के बाद दो वर्ष का अन्तराल तथा पांच विषय हों।

<u>स्नातक कक्षाओं में प्रवेश तथा योग्यता निर्धारण</u>

प्रत्येक महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा घोषित अंतिम तिथि तक निर्धारित सीटों के अनुसार ही प्रवेश देंगे।

1. स्नातक स्तर पर प्रवेश मेरिट के आधार पर दिये जायेंगे।

2. योग्यता सूची इण्टरमीडिएड/समकक्ष अर्ह परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर बनाई जायेगी।

अतिरिक्त अंक निम्न प्रकार से आबंटित कर अंतिम योग्यता सूची बनाकर प्रवेश दिया जायेगा।

1. राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को क्रमशः 5 तथा 7 अतिरिक्त अंक देय होगें।
2. एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र धारक को 2 अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को 3 अंक तथा गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) को 5 अंक (अधिकतम 5 अंक)
3. राष्ट्रीय सेवा योजना 'ए', 'बी', प्रमाण पत्र धारक या 240 घंटे+दो विशेष शिविरों को 2 अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को 3 अंक तथा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतंत्र दिवस परेड को 5 अंक (अधिकतम 5 अंक)
4. स्काउट में पद सोपान–1 धारक को 1 अंक तथा पद सोपान–3 धारक को 2 अतिरिक्त अंक देय होगें, निपुण धारक को 1 अंक तथा राज्य पुरस्कार को 2 अंक तथा राष्ट्रपति पुरस्कार को 3 अंक देय होगें (अधिकतम 5 अंक)

नोटः– उपरोक्त वर्णित 1 से 4 तक की श्रेणी में आने वाले प्रवेशार्थियों को किसी भी दशा में सात अंकों से अधिक लाभ नहीं दिया जायेगा।

5. सेना में कार्यरत सैनिकों एवं केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीनस्त अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों (पति–पत्नी), पुत्र–पुत्री, पौत्र–पौत्री) को 3 अंकों का लाभ सक्षम अधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर मिलेगा।

स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश तथा योग्यता निर्धारण

1. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगें।

2. एम.एस.सी. में प्रवेशार्थ न्यूनतम, अर्हता विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय की बी.एस.सी. परीक्षा में उत्तीर्ण न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक होगें। कला एवं वाणिज्य की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता इस विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय की बी.ए./बी.कॉम. परीक्षा में उत्तीर्ण 40 प्रतिशत अंक होगें अनुसूचित जाति/अनु.जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश अर्हता में 5 प्रतिशत की छूट देय होगी।

   स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश का निर्धारण प्राचार्य द्वारा विभागाध्यक्ष की संस्तुति के बाद ही किया जायेगा।

3. बी.एस.सी./बी.कॉम./ में उत्तीर्ण छात्र किसी भी विषय में एम.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्ह होगें।

3. अभ्यर्थियों की योग्यता सूची का निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा।

   (अ) सूचकांक $(x/X+y/Y)x100$

   यहाx= प्रवेश हेतु चयनित विषय में स्नातक के तीनों वर्षों के लिखित (Theory) के प्राप्तांगों का योग,

   यहाँ X= प्रवेश हेतु चयनित विषय में स्नातक के तीनों वर्षों के लिखित (Theory) के पूर्णाकों का योग,

y= स्नातक के तीनों वर्षों के प्राप्तांगों का योग,

Y= स्नातक के तीनों वर्षों के पूर्णांकों का योग,

(ब) अतिरिक्त अंकों क गणना निर्धारित कर उसे सूचकांक (अ) में जोड़ दिया जायेगा।

1. आवेदक ने यदि इस महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो पाँच अंक एवम् श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के स्नातक को तीन अंक।
2. अन्तर विश्वविद्यालय तथा राज्य स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले आवेदक को पाँच तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आवेदक को सात अंक देय होगें, विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय काप्रतिनिधित्व करने पर दो अंक देय होगें।
3. एन.सी.सी.'बी' प्रमाण पत्र धारक को दो अंक 'सी' प्रमाण पत्र धारक को तीन अंक तथा गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) को पाँच अंक।
4. राष्ट्रीय सेवा योजना 'ए', 'बी' प्रमाण पत्र धारक या 240 घंटे+दो विशेष शिविरों को दो अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को तीन अंक तथा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतंत्र दिवस परेड को पांच अंक (अधिकतम 5 अंक)

अ सेना में कार्यरत सैनिकों एवम् केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री, पौत्र–पौत्री) को दो अतिरिक्त अंकों का लाभ सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर देय होगा।

अ महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री) को उसी महाविद्यालय जिसमें उनके माता–पिता, पति–पत्नी कार्यतर हो को पांच अतिरिक्त अंक देय होगें।

(नोटः– उपरोक्त 'ब' के अन्तर्गत अधिकतम देय अंक 15 ही होगें)।

5. दो वर्ष से अधिक गैप के पश्चात प्रवेश नहीं मिलेगा यदि अभ्यर्थी ने किसी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के पश्चात किसी व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया हो और उसकी परीक्षा भी दी है तो उस अवधि को गैप नहीं माना जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी को भी स्नातक 6 वर्ष तथा स्नातकोत्तर 4 वर्षों में उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। उक्त अवधि सुनिश्चित करने पर ही अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जायेगा।

उत्तराखण्ड मुक्त वि0वि0 अध्ययन केन्द्र

महाविद्यालय परिसर में उत्तराखण्ड मुक्त वि0वि0 का अध्ययन केन्द्र सत्र 2015–16 से संचालित संस्थागत कक्षा में प्रवेश से वंचित एवं अन्य व्यक्ति जो अध्ययन के इच्छुक है विभिन्न कोर्सो जैसे बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम0, एम0ए0, एम0एस0सी0, एम0कॉम0, डिप्लोमा इत्यादि पाठयकर्मों का चयन कर अपना अध्ययन जारी रख सकते हैं। जो छात्र महाविद्यालय के अध्ययन केर्नें में प्रवेश के इच्छुक है वे आन लाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरते समय महाविद्यालय के अध्ययन केन्द्र कोड 11112 को भरें तथा सुनिश्चित कर लें कि आपका इच्छित अध्ययन कोड ही अंकित किया गया है अध्ययन कन्द्र में सभी विषयों के प्राध्यापकनियुक्त हैं। अतः उन्हें उचित परामर्श/अध्ययन में सहायता प्राप्त हो सकेगी।

अनुशासन सम्बन्धी विशेष नियम

1. प्रत्येक विद्यार्थी को पूर्णतः अनुशासित रहकर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिनियमों, संविधि, अध्यादेशों, विनियमों तथा अन्य निर्देशों का सम्यक पालन करना होगा।

2.प्रत्येक छात्र/छात्रा के पास परिचय पत्र का होना आवश्यक है जिसे परिसर में कभी भी मांगा जा सकता है।

3.किसी भी विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय परिसर में हड़ताल करना अथवा किसी भी हड़ताल को समर्थन देना अनुशासन भंग करना माना जायेगा।

4.महाविद्यालय की सम्पत्ति को क्षति पहुंचाना या क्षति पहुंचाने का प्रयत्न करना, अध्ययन एवं अध्यापन कार्य में व्यवधान पैदा करना, दीवारों पर पोस्टर लगाना या लिखना, लड़ाई–झगड़ा एवं मारपीट करना, महाविद्यालय परिसर में शोर मचाना, सूचना पट से नोटिस फाड़ना या उसे बिगाड़ने का प्रयत्न करना दण्डणीय अपराध है।
5. उपरोक्त किसी व्यवस्था के पूर्ण या आंशिक उल्लंघन/अवहेलना करने पर दोषी विद्यार्थियों को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रावधाननुसार दण्डित–निलिम्बत, निष्कासित अथवा/और विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा।

(महाविद्यालय में ड्रेस कोड लागू है निर्धारित कोड से ही छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश की अनुमति है।)

छात्र/छात्राओं के लिए अन्य निर्देश

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है किः–

1. वे प्रतिदिन सूचना पट्ट में अंकित सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करते रहें।
2. किसी भी समस्या के समाधान हेतु सर्वप्रथम विभाग प्रभारी प्राक्टर या कार्यालय से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें।
4. महाविद्यालय की गरिमा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए अनुशासित व्यवहार एवं आचरण बनाये रखें।
4. महाविद्यालय कार्यालय में जो भी धन जमा किया जाय उसकी रसीद प्राप्त करना आवश्यक है। अन्यथा किसी प्रकार की क्षति के लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
5. शुल्क जमा करने के पश्चात् सम्बन्धित विषयों के प्राध्यापकों से शुल्क रसीद दिखाकर व्याख्यान पंजिका में अपना नाम लिखाना सम्बंधित विद्यार्थी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।
6. महाविद्यालयों में 180 दिन का वार्षिक अध्यापन तथा प्रतिदिन विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित होनी आवश्यक है।

उपस्थिति नियम : शासनादेश संख्या 5228;1(15–उ.शि.) 1/97 दिनांक 11 जून, 1997 के अनुसार कोईभी छात्र विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक प्राप्त नहीं कर सकेगा जब तक कि वह व्याख्यान कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी नहीं करता। विज्ञान के विषयों अथवा ऐसे अन्य विषयों में जिनमें प्रयोगात्मक कक्षायें होती हैं, प्रयोगात्मक कार्य की अवधि में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि वंछित उपस्थिति में कमी के कारण विश्वविद्यालय द्वारा किसी विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंने दिया जाता तो उसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित विद्यार्थी का होगा

वार्षिक/सेमेस्टर विवरण

उपस्थिति नियम (Rules for Attendence)

विश्वविद्यालय की बी.ए., बी.एस.सी., बी. कॉम, व्यावसायिक एवं स्नात्तकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू है। शासनादेश संख्या–528 (1(15 उच्च शिक्षा) 71/1997 के अनुसार कोई भी छात्र विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक प्राप्त नहीं कर सकेगा जब तक वह व्याख्यान और ट्यूटोरियल कक्षाओं में पृथक–पृथक 75: उपस्थिति पूरी नहीं करता। विज्ञान अथवा ऐसे अन्य विषयों जिनमें प्रयोगात्मक विषय है शिक्षण कार्य अवधि में 75: उपस्थिति अपेक्षित होगी।

निम्नलिखित स्थितियों में पूरे सत्र में किसी विषय में व्याख्यान और सेमिनार/प्रयोगात्मक कक्षाओं में पृथक–पृथक 6 प्रतिशत तक की छूट संकायाध्यक्ष (डीन)/प्राचार्य द्वारा 9 प्रतिशत तक की छूट मा. कुलपति द्वारा दी जा सकती है।

1. (v) विद्यार्थी की लम्बी और गम्भीर बीमारी में कक्षा में सम्मिलित होने के 15 दिनों के अन्दर यदि विद्यार्थी ने चिकित्सा प्रमाण पत्र दाखिल कर दिया हो या

   (c) इसी के समक़ा किसी अत्यन्त विशेष परिस्थिति में समुचित कारण देने पर।

2. विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर स्नातक छात्र को विशेष अध्ययन के निमित्त किसी अन्य विश्वविद्यालय, संस्थान तथा उच्च अध्ययन के लिए किसी केन्द्र में व्याख्यान, प्रयोगात्मक कार्य के लिए कुलपति द्वारा 6 सप्ताह तक की अवधि की अनुमति दिये जाने पर कुलपति द्वारा उपस्थिति न्यूवता मार्जन किया जा सकेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में अपनी उपस्थिति सूचित करने के लिए एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थी को उस संस्थान के, जहा उस विद्यार्थी ने अध्ययन किया है, अध्ययन कक्षाओं में उपस्थिति, प्रयोगात्मक कार्य, पुस्तकालय में कार्य करने की तिथियों के निर्देश सहित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा आयोजित एन.सी.सी. शिविर, खेलकूद के समारोह, राष्टन्नेय सेवा योजना शिविर, शैक्षणिक पर्यटन में भाग लेने अथवा भारतीय सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के लिए साक्षात्कार के निमित्त जाने पर उपस्थिति न्यूनता मार्जन कर दिया जायेगा, बशर्ते सम्बन्धित सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षित प्रमाण पत्र अनुपस्थित रहने के एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया गया है। **नोटः**–बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम/एम.ए./एम.एस.सी./एम.कॉम तथा डिप्लोमा के पाठ्यक्रमों में उपस्थिति प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि से गिनी जायेगी।

व्यवसायिक पाठयक्रम (स्ववित्त पोषित पाठयक्रम)

वर्तमान त्वरित गति से परिवर्तित हो रहे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक तकनीकी के पूर्व व्यावसायिक परिवेश में मानव शक्ति संसाधनो के सम्यक उपयोग हेतु उसे उपयोगी एवं दक्षता सृजन अधारित शिक्षा के माध्यम से बहु आयामी व्यावसायिक कौशलों से सुसज्जित करना अपरिहार्य हो गया है जिससे न केवल रोजगार अवसरों के सफल विदोहन के मार्ग प्रशस्त हो सकें बल्कि नई कैरियर संभावनाएं भी खोजी जा सकें। रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा इस संदर्भ में अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

उत्तराखण्ड शासन ने भी उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण परिवर्तन, वांछित दक्षताओं के सृजन तथा विधि क्षेत्रों में कौशल विकास हेतु शैक्षणिक सत्र 2003–04 में विभिन्न महाविद्यालयों में

रोजगारपरक व्यावसायिक पाठयक्रमों को संचालित किया जाना प्रारम्भ किया है, जिनके लिए अवस्थापनाओं के सृजन पर अद्वितीय प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। उत्तराखण्ड शासन द्वारा स्वीकृत निम्न पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित हो रहे है।

1. बी.एड. (योग्यता– स्नातक)

2. बी.बी.ए. (योग्यता –10+2)

3. पी.जी.डी.यौगिक सांइस (योग्यता – स्नातक)

4. पी.जी.डी. मास कम्यूनिकेशन (योग्यता–स्नातक)

5. एम.ए. योग

प्रत्येक पाठयक्रम में निर्धारित सीटों पर मेरिट के आधार पर केवल एक व्यावसायिक पाठयक्रम में प्रवेश अनुमन्य होगा। ऐसे विद्यार्थियों को भी महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित समस्त नियमों का पालन संस्थागत विद्यार्थियों के समान करना अनिवार्य होगा।

बी.एड. पाठयक्रम–

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई) जो कि भारत सरकार का एक विधिक संस्थान है, के द्वारा महाविद्यालय का बी.एड. विभाग मान्यता प्राप्त है। यह उनके लिए एक ऐसा आदर्श क्षेत्र है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर समाज को अपने आदर्शों के अनुरूप गढ़ना चाहते है। वे इसके माध्यम से सरकारी तथा गैरसरकारी क्षेत्र में जाकर समाज को एक नई दिशा देने मे सक्षम होंगे। बी.एड. में **प्रवेश** – विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न प्रवेश परीक्षा के द्वारा होगा।

बी.बी.ए.–बी.बी.ए. छात्रों में व्यावसायिक निपुणता के साथ 'कार्पोरेट ' जगत की प्रतिस्पर्हा में नेतृत्वक्षमता एवं विषम व्यावसायिक परिस्थितियों सामना करने का व्यक्तित्व विकासित करने का उद्देश्य लेकर प्रारम्भ किया गया है। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु पाठयक्रम टीम वर्क, शैक्षणिक विशेषता, व्यक्तिगत निपुणता एवं प्रबन्धन के गुणो को विकसित करता है।

पी.जी. डिप्लोमा इन योगिक साइंस व एम.ए. योग

पी.जी. डिप्लोमा इन योगिक सांइस विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही समाज में लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को लेकर प्रारम्भ किया गया है। यौगिक सांइस वैज्ञानिक तरीके से व्यक्तित्व का विकास करते हुए विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को भी आगे बढ़ाता है।

पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन

